महानगर
वर्ष 50 | अंक 16
मूल्य : चार रुपये

अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 2 फरवरी 2018
amarujala.com

PAGE NO. 07 : MIDDLE

छात्रों को दी नैनो टेक्नोलॉजी की जानकारी

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से आयोजित विज्ञान कैंप 'इन्सपायर इंटर्नशिप' के समापन के मौके पर विशेषज्ञों ने छात्रों को नैनो टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री इंचार्ज नैनो साइंस एंड टेक्नालॉजी, सेन्टर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनो टेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नंद गोपाल साहू नैनो टेक्नालॉजी के बारे में जानकारी दी। नैनो पार्टीकल, नैनो स्ट्रक्चर , नैनो मैटेरियल में विस्तार से बताया। दूसरे वक्ता आईवीआरआई के डॉ. अरविंद प्रसाद, स्वास्थ, रोग, उपचार के बारे में जानकारी दी। एसआरएमएस ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, रतीष अग्रवाल डॉ. अंकिता टंडन आदि लोग मौजूद रहे।

अनंत की कप्तानी में यूपी बना विजेता

बरेली। मेरठ में 12 जनवरी से खेली गई अंडर-14 राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी यूपी की टीम ने जीत ली है। टीम की कप्तानी बरेली के अनंत भटनागर ने की। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के अनंत ने प्रतियोगिता में 14 विकेट चटकाए। इसी अकादमी के शुभम मिश्रा को एक मैच में खेलने को मौका मिला। इसमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों को मुबारकबाद दी।